Global Sikh Council
Voice of Sikhs Worldwide
www.globalsikhcouncil.org

गुरुद्वारा साहिब में हर किसी का सवागत है भले कोई किसी भी धर्म, जाति, जनजाति, रंग, नस्ल या राष्ट्र के साथ संबंधित हो। गुरुद्वारों (सिख धर्मस्थलों) में प्रवेश करने और अंदर जाकर पालन करने योग्य बातें/नियम:

1. गुरु के सम्मान के प्रतीक के रूप में हमेशा अपना सिर ढक कर रखें।
2. अपने शरीर को ढकने वाले उपयुक्त कपड़े पहनें। शॉर्ट्स (जैसे निकर या मिनी स्कर्ट) पहनना अपमानजनक माना जाता है।
3. गुरुद्वारा परिसर (पार्किंग क्षेत्र सहित) में धूम्रपान, शराब का सेवन या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन सख्त वर्जित है। शराब या नशीली दवाओं के प्रभाव में यात्रियों को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शराब, सिगरेट, या अन्य तम्बाकू उत्पादों को जेब या कैरी-ऑन बैग में अंदर नहीं ले जाना चाहिए।
4. गुरुद्वारे में प्रवेश करने पर, अपने जूते उतारना और गंदे होने पर हाथ-पैर साफ करना अनिवार्य है।
5. सिख संगत मुख्य हॉल (दरबार साहिब) में रखे गुरु ग्रंथ साहिब जी (पवित्र ग्रंथ) के सामने झुकती है। गुरु ग्रन्थ साहिब की ओर पीठ फेरना या अपने पैरों से उस ओर इशारा करना अपमानजनक है।
6. संगत में बैठकर बात करना, चिल्लाना या अन्य सभी विघ्नों से बचना चाहिए। मोबाइल साइलेंट रखना चाहिए और कोई वीडियो आदि नहीं चलाना चाहिए।
7. कड़ाह प्रसाद (मीठा शाकाहारी हलवा) दोनों हाथों से ग्रहण करना चाहिए।
8. अपनी यात्रा को सफल बनाने के लिए, कुछ समय गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज गुरबानी (गुरु के शब्द) पर मनन करने में बिताएं और सिख इतिहास के बारे में जानें। गुरबाणी संपूर्ण मानवता के उत्थान के लिए है।

info@globalsikhcouncil.org www.globalsikhcouncil.org

info@globalsikhcouncil.org | www.globalsikhcouncil.org | info@globalsikhcouncil.org | www.globalsikhcouncil.org | info@globalsikhcouncil.org | www.globalsikhcouncil.org